# राष्ट्रीय सेवा योजना
## जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
पता- शहीद स्मारक, निकट सुरहा ताल, जिला- बलिया, उ. प्र., पिन कोड- 277301

मोबाइल फोन नंबर- 9452400911 ई-मेल आईडी.- **nssjncu@gmail.com**


पत्रांक- जे.एन.सी.यू./एन.एस.एस./67/2025-26 दिनांक- 30/08/2025

**अति महत्त्वपूर्ण/समयबद्ध**

**सेवा में,**

**प्राचार्य/प्राचार्या,**

**सत्र 2018 से 2025 तक राष्ट्रीय सेवा योजना से सम्बन्धित समस्त महाविद्यालय,**

सम्बद्ध- जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।

**विषय- महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अभिलेखों को उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रेषित पत्र संख्या- 335/सत्तर/रा.से.यो.को.-2025, दिनांक 23 अगस्त, 2025 (संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करें, जिसके माध्यम से अवगत कराया गया है कि-

1. वित्तीय वर्ष 2025-26 की वित्तीय देयताओं के सम्बन्ध में निदेशक, राष्ट्रीय सेवा योजना, भारत सरकार ने ऑनलाइन बैठक में सूचित किया है कि **इस वर्ष चार किश्तों में अनुदान धनराशि निर्गत की जानी है। अतः वित्तीय वर्ष 2025-26 में विश्वविद्यालयों एवं मंडलों से संकलित इकाईवार माह अप्रैल 2025 से मासिक रिपोर्ट एवं व्यय विवरण प्राप्त करना अत्यंत आवश्यक है,** जिससे भारत सरकार से प्रथम किश्त प्राप्त कर **05** सितम्बर, **2025** तक धनराशि आपको निर्गत की जा सके तथा आप द्वारा **15** सितम्बर, **2025** तक उपभोग **प्रमाण पत्र (U.C.) प्राप्त कर भारत सरकार को प्रेषित करने के निर्देशों का अनुपालन समयबद्ध किया जा सके, जिससे वर्तमान सत्र में द्वितीय किश्त समय से प्राप्त किया जा सके।**

2. शासन स्तर पर शुक्रवार को प्रातः 10:00 बजे नवागत सचिव महोदय द्वारा रा.से.यो. की प्रशासनिक, वित्तीय एवं अन्य गतिविधियों की समीक्षा की गई।

3. यह भी अवगत कराना है कि शासन द्वारा अब इकाईवार निष्पादन आधारित भुगतान प्रणाली आरम्भ की गई है, अतः **समस्त कार्यक्रम अधिकारी अपनी इकाई की रिपोर्टिंग के लिए जबाबदेह हैं।** वर्तमान समय में महाविद्यालयों/विद्यालयों में वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी का कोई पद अस्तित्व में नहीं है।

अतः शासन के पत्र के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि अपनी संस्था से सम्बन्धित निम्नलिखित अभिलेखों (प्रमाणित प्रति) को विश्वविद्यालय की ई-मेल आईडी- nssjncu@gmail.com पर दिनांक 01 सितम्बर, 2025 तक भेजना सुनिश्चित करें-

1. वित्तीय वर्ष 2025-26 का इकाईवार सामान्य कार्यक्रम हेतु किए गए वास्तविक व्यय विवरण, बिल एवं आयोजित कार्यक्रम की रिपोर्ट, उत्तर प्रदेश शासन के प्रारूप पर (जिन महाविद्यालयों द्वारा उपलब्ध कराया जा चुका है, उन्हें नहीं भेजना है)।
2. महाविद्यालय का एन एस एस इकाई का बचत खाता विवरण एवं पास बुक की प्रमाणित छायाप्रति।
3. महाविद्यालय के एन एस एस बचत खाता के बैंक स्टेटमेंट (खाता खोलने की तिथि से अगस्त 2025 तक) की प्रमाणित छायाप्रति।
4. महाविद्यालय के CNA/ZBSA खाते के बैंक स्टेटमेंट (खाता खोलने की तिथि से अगस्त 2025 तक) की प्रमाणित छायाप्रति।
5. महाविद्यालय के कैशबुक की प्रमाणित प्रति (अप्रैल 2022 से अगस्त 2025 तक)।

उपरोक्त सभी अभिलेखों की सत्यापित छायाप्रति को राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ, उच्च शिक्षा विभाग के सचिवालय स्थित कार्यालय में भौतिक सत्यापन हेतु प्रस्तुत किया जाना अति आवश्यक है, अतः आपका व्यक्तिगत ध्यान अपेक्षित है।

कृपया इस कार्य को प्राथमिकता देने का कष्ट करें।

संलग्नक- यथोक्त।

भवदीय

KSingh

डॉ. (कृष्ण कुमार सिंह),
कार्यक्रम समन्वयक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित -

1. निजी सचिव, कुलपति जी को कुलपति जी के अवलोकनार्थ।

2. कुलसचिव, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि अपने स्तर से प्राचार्य/प्राचार्या को समयबद्ध आवश्यक कार्यवाही करने हेतु पत्र जारी करने का कष्ट करें।

3. क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय (उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड), लखनऊ।

4. विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी, उच्च शिक्षा (राष्ट्रीय सेवा योजना कोष्टक) विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।

5. सम्बन्धित पत्रावली।

भवदीय

KSingh

कार्यक्रम समन्वयक

अत्यंत महत्वपूर्ण / समयबद्ध

संख्या : 335/ सत्तर/रा.से.यो.को.-2025

प्रेषक ,

डॉ. मंजू सिंह
विशेष कार्याधिकारी एवं
राज्य संपर्क अधिकारी
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. कार्यक्रम समन्वयक ,राष्ट्रीय सेवा योजना से सम्बन्धित समस्त विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश।
2. उप शिक्षा निदेशक, माध्यमिक मंडल, उत्तर प्रदेश।

उच्च शिक्षा (राष्ट्रीय सेवा योजना कोष्ठक) विभाग — दिनांक : 23.08.2025

विषय : वित्तीय वर्ष 2022-23, 2023-24, 2024-25 तथा 2025-26 के वांछित सुसंगत सूचनाओं तथा अभिलेखों के साथ रा.से.यो.को. लेखा में भौतिक सत्यापन हेतु सचिवालय में उपस्थित होने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

अवगत कराना है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 की वित्तीय देयताओं के सम्बन्ध में निदेशक, राष्ट्रीय सेवा योजना, भारत सरकार ने ऑनलाइन बैठक में सूचित किया है कि इस वर्ष चार किश्तों में अनुदान धनराशि निर्गत की जानी है। अतः वित्तीय वर्ष 2025-26 में विश्वविद्यालयों एवं मंडलों से संकलित इकाईवार माह अप्रैल 2025 से मासिक रिपोर्ट एवं व्यय विवरण प्राप्त करना अत्यंत आवश्यक है, जिससे भारत सरकार से प्रथम किशत प्राप्त कर 05 सितम्बर, 2025 तक धनराशि आपको निर्गत की जा सके तथा आप द्वारा 15 सितम्बर, 2025 तक उपभोग प्रमाण पत्र (U.C.) प्राप्त कर भारत सरकार को प्रेषित करने के निर्देशों का अनुपालन समयबद्ध किया जा सके, जिससे वर्तमान सत्र में द्वितीय किशत समय से प्राप्त किया जा सके।

2. शासन स्तर पर शुक्रवार को दिनांक : 22 .08.2025 को प्रातः 10:00 बजे सचिव महोदय द्वारा रा.से.यो. की प्रशासनिक, वित्तीय एवं अन्य गतिविधियों की समीक्षा की गई। जिसमें वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में कई विश्वविद्यालयों द्वारा प्रेषित U.C. (Utilization Certificate) में माँगी गई अनुदान धनराशि एवं ऑनलाइन बैठक में प्रस्तुत प्रतिपूर्ति धनराशि व मांग धनराशि में अंतर पाए जाने के कारण, शासन स्तर पर गंभीर आपत्ति जताई गई है। नियमानुसार, प्रत्येक स्वयंसेवक हेतु ₹ 55/- की अधिष्ठान हेतु व्यय सीमा (Expenditure Limit) निर्धारित है। इस सम्बन्ध में अपेक्षित फॉर्मेट सहित सपोर्टिंग डॉक्यूमेंट्स अभी तक विश्वविद्यालयों एवं माध्यमिक मंडलों से शासन को प्राप्त नहीं हुए हैं।

3. यह भी अवगत कराना है कि शासन द्वारा अब इकाईवार निष्पादन आधारित भुगतान प्रणाली आरम्भ की गई है , अतः समस्त कार्यक्रम अधिकारी अपनी इकाई की रिपोर्टिंग के लिए जबाबदेह हैं। वर्तमान समय में महाविद्यालयों/विद्यालयों में वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी का कोई पद अस्तित्व में नहीं है।

अतः शासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि

1. वित्तीय वर्ष 2025-26 में वर्ष 2022-23 से अद्यतन अगस्त 2025 तक के अभिलेखों के भौतिक सत्यापन द्वारा समस्त वित्तीय देयताओं का पूर्ण निस्तारण कर तथा सभी स्वयंसेवकों को बैकलॉग प्रमाणपत्र निर्गत कर दिए जायें।

2. कार्यक्रम समन्वयक एवं उप शिक्षा निदेशक इस प्रक्रिया में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अतः समस्त कार्यक्रम समन्वयकों तथा उप शिक्षा निदेशक को शासन के उच्चादेशों के क्रम में लिए गए निर्णयानुसार, निम्नलिखित अभिलेखों की सत्यापित प्रति संलग्न सूची में दिए गए तिथि एवं समय पर रा.से.यो. लेखा, उच्च शिक्षा विभाग, लखनऊ सचिवालय में भौतिक सत्यापन हेतु प्रस्तुत करना अनिवार्य है :

| क्रमांक | अभिलेख का नाम |
|---|---|
| 1 | वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में प्रेषित उपभोग प्रमाण पत्र., शासन द्वारा प्रेषित धनराशि, शासन द्वारा प्रतिपूर्ति धनराशि एवं यदि कोई मांग धनराशि शेष है, का संपूर्ण विवरण। |
| 2 | वित्तीय वर्ष 2022-23, 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 का इकाईवार सामान्य कार्यक्रम एवं विशेष शिविर कार्यक्रम हेतु किए गए वास्तविक व्यय विवरण, अधिष्ठान व्यय, ऑडिट रिपोर्ट, शासन को प्रेषित पत्रावली, कैशबुक। |
| 3 | रा.से.यो. से सम्बन्धित सभी बचत बैंक खातों (जैसे –सामान्य कार्यक्रम खाता, विशेष शिविर खाता, पंजीकरण शुल्क खाता, NSS मैगज़ीन अकाउंट आदि) के वित्तीय वर्ष 2018 से 2025 तक के बैंक स्टेटमेंट (वित्तीय वर्ष 2018 से उत्तरप्रदेश शासन द्वारा PFMS व्यवस्था लागु होने के कारण वर्ष 2018 से बैंक स्टेटमेंट की मांग की जा रही है)। |
| 4 | विश्वविद्यालय/महाविद्यालयों/विद्यालयों की CNA/ZBSA तथा बचत खातों की सूची एवं महाविद्यालयों/विद्यालयों से प्राप्त बैंक स्टेटमेंट (खाता खोलने की तिथि से अगस्त 2025 तक) की छायाप्रति। |
| 5 | वर्ष 2018 से शासन को प्रेषित पंजीकरण शुल्क का विवरण, छात्र संख्या अंकित करते हुए एवं 2018-19 से 2024-25 तक कार्यक्रम समन्वयक/ उप शिक्षा निदेशक द्वारा विश्वविद्यालय/महाविद्यालयों/विद्यालयों को आवंटित छात्र संख्या की प्रति। |
| 6 | वर्षवार 2022-23, 2023-24, 2024-25 के कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वयंसेवकों का डेटा। |
| 7 | वर्षवार 2022-23, 2023-24, 2024-25 के स्वयंसेवकों के ऑनलाइन निर्गत बैकलॉग प्रमाणपत्र की संख्या एवं यदि किसी वर्ष (2022-23, 2023-24 एवं 2024-25) में बैकलॉग प्रमाणपत्र लंबित हैं, तो उनकी इकाईवार संख्या। |

सचिवालय में आगमन हेतु आपके आधार कार्ड पर अंकित नाम एवं मोबाइल नंबर पूर्व में प्रेषित करें, ताकि स्वागत अधिकारी द्वारा आपका सचिवालय पास निर्गत कराया जा सके।

संलग्नक- यथोक्त।

भवदीय

23.08.2025

(डॉ. मंजू सिंह)
विशेष कार्याधिकारी एवं
राज्य संपर्क अधिकारी
उत्तर प्रदेश शासन।

संख्या : 335/सत्तर- रा.से.यो.को.-2025-तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग को प्रमुख सचिव महोदय के अवलोकनार्थ।

2. निजी सचिव, सचिव, उच्च शिक्षा विभाग को सचिव महोदय के अवलोकनार्थ।

3. निजी सचिव, विशेष सचिव महोदया (रा.से.यो. कोष्ठक) के अवलोकनार्थ।

4. निजी सचिव, विशेष सचिव महोदय (माध्यमिक मंडल) के अवलोकनार्थ।

5. अवर सचिव, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, शास्त्री भवन, नई दिल्ली, भारत सरकार।

6. निदेशक, राष्ट्रीय सेवा योजना, युवा कार्यक्रम विभाग, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार।

7. निदेशक, उच्च शिक्षा निदेशालय, उच्च शिक्षा विभाग, प्रयागराज।

8. समस्त कुलसचिव तथा वित्त अधिकारी/नियंत्रक से अनुरोध है कि आवश्यक कार्यवाही हेतु अपने स्तर से कार्यक्रम समन्वयकों को समयबद्ध निर्देशानुसार कार्यवाही करने हेतु निर्देशित करें।

9. क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय, लखनऊ, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार से विनम्र अनुरोध है कि अपने स्तर से विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक एवं माध्यमिक मंडल के उप शिक्षा निदेशक को समयबद्ध आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।

23.08.2025

(डॉ. मंजू सिंह)
विशेष कार्याधिकारी एवं
राज्य संपर्क अधिकारी।

## विश्वविद्यालय व मंडल को रिपोर्ट प्रस्तुतीकरण व भौतिक सत्यापन हेतु निर्धारित तिथि एवं समय की सूची

| क्रमांक | विश्वविद्यालय/माध्यमिक मंडल का नाम | निर्धारित तिथि एवं समय |
|---|---|---|
| 1 | वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर | दिनांक- 29.08.2025, समय- प्रातः 11:00 से अपराह्न 02:00 बजे तक। |
| 2 | इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज | |
| 3 | लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ | |
| 4 | अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय,अलीगढ़ | |
| 5 | डॉ. बी.आर. अम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा | |
| 6 | काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी | |
| 7 | गलगोटिया विश्वविद्यालय,ग्रेटर नोयडा | |
| 8 | चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ | |
| 9 | गोरखपुर मंडल, गोरखपुर | |
| 10 | अयोध्या मंडल, अयोध्या | |
| 11 | बस्ती मंडल, बस्ती | |
| 12 | बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय, लखनऊ | |
| 13 | छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर | |
| 14 | डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या | |
| 15 | सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी | |
| 16 | डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ | |
| 17 | आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, अयोध्या | |
| 18 | रानी लक्ष्मीबाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी | |
| 19 | चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर | |
| 20 | पं. दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर | दिनांक- 30.08.2025, समय- प्रातः 11:00 से अपराह्न 02:00 बजे तक। |
| 21 | बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी | |
| 22 | राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़ | |
| 23 | दयालबाग शिक्षण संस्थान, दयालबाग, आगरा | |
| 24 | महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी | |
| 25 | बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय, लखनऊ | |
| 26 | ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ | |
| 27 | लखनऊ मंडल, लखनऊ | |
| 28 | बरेली मंडल, बरेली | |
| 29 | आगरा मंडल, आगरा | |
| 30 | मेरठ मंडल, मेरठ | |
| 31 | प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय, प्रयागराज | |
| 32 | महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली | |
| 33 | जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया | |
| 34 | सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर | |
| 35 | गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा | |

| | | |
|---|---|---|
| 36 | उ. प्र. पं. दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गौ अनुसंधान संस्थान, मथुरा | दिनांक- 01.09.2025, समय- प्रातः 11:00 से अपराह्न 02:00 बजे तक। |
| 37 | महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ | |
| 38 | माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर | |
| 39 | मुरादाबाद मंडल, मुरादाबाद | |
| 40 | मंगलायतन विश्वविद्यालय, अलीगढ़ | |
| 41 | नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय, प्रयागराज | |
| 42 | जगदगुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय, चित्रकूट | |
| 43 | सैम हिग्गिनबॉटम इंस्टिटयूट ऑफ एग्री., टेक्नो. एन्ड साइंसेज, प्रयागराज | |
| 44 | सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मेरठ | |
| 45 | केन्द्रीय संस्कृत मानित विश्वविद्यालय, लखनऊ परिसर | |
| 46 | स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ | |
| 47 | डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ | |
| 48 | बाँदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, बाँदा | |
| 49 | संस्कृति विश्वविद्यालय, छाता, मथुरा | |
| 50 | जे. पी. इंस्टिटयूट ऑफ इंफोर्मेशन टेक्नोलॉजी, ग्रेटर नोएडा | |
| 51 | सहारनपुर मंडल, सहारनपुर | |
| 52 | अलीगढ़ मंडल, अलीगढ़ | |
| 53 | कानपुर मंडल, कानपुर | |
| 54 | बरेली इंटरनेशनल यूनिवेर्सिटी, बरेली | |
| 55 | महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, गोरखपुर | |
| 56 | नोएडा इंटरनेशनल यूनिवेर्सिटी, गौतमबुद्ध नगर | |
| 57 | मदन मोहन प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर | |
| 58 | शारदा यूनिवर्सिटी, ग्रेटर नोएडा | |

भवदीय

(डॉ. मंजू सिंह) 23.08.2025

विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य संपर्क अधिकारी

राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ

उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।

# जाँच सूची (Check list)

विश्वविद्यालय/मंडल का नाम-

कार्यक्रम समन्वयक/ उप शिक्षा निदेशक का नाम-

मोबाईल नम्बर-

| क्र. | अभिलेख | वित्तीय वर्ष | टिप्पणी |
|---|---|---|---|
| 1 | उपभोग प्रमाण पत्र | 2022-23 | |
| 2 | उपभोग प्रमाण पत्र | 2023-24 | |
| 3 | शासन द्वारा प्रेषित धनराशि, शासन द्वारा प्रतिपूर्ति धनराशि एवं यदि कोई मांग धनराशि शेष है, का संपूर्ण विवरण | 2022-23 | |
| 4 | शासन द्वारा प्रेषित धनराशि, शासन द्वारा प्रतिपूर्ति धनराशि एवं यदि कोई मांग धनराशि शेष है, का संपूर्ण विवरण | 2023-24 | |
| 5 | इकाईवार सामान्य कार्यक्रम हेतु किए गए वास्तविक व्यय विवरण | 2022-23 | |
| 6 | इकाईवार सामान्य कार्यक्रम हेतु किए गए वास्तविक व्यय विवरण | 2023-24 | |
| 7 | इकाईवार सामान्य कार्यक्रम हेतु किए गए वास्तविक व्यय विवरण | 2024-25 | |
| 8 | इकाईवार सामान्य कार्यक्रम हेतु किए गए वास्तविक व्यय विवरण | 2025-26 | |
| 9 | इकाईवार विशेष शिविर कार्यक्रम हेतु किए गए वास्तविक व्यय विवरण | 2022-23 | |
| 10 | इकाईवार विशेष शिविर कार्यक्रम हेतु किए गए वास्तविक व्यय विवरण | 2023-24 | |
| 11 | इकाईवार विशेष शिविर कार्यक्रम हेतु किए गए वास्तविक व्यय विवरण | 2024-25 | |
| 12 | इकाईवार विशेष शिविर कार्यक्रम हेतु किए गए वास्तविक व्यय विवरण | 2025-26 | |
| 13 | अधिष्ठान व्यय | 2022-23 | |
| 14 | अधिष्ठान व्यय | 2023-24 | |
| 15 | अधिष्ठान व्यय | 2024-25 | |
| 16 | अधिष्ठान व्यय | 2025-26 | |
| 17 | ऑडिट रिपोर्ट (कृपया वित्तीय वर्ष का उल्लेख करें) | | |
| 18 | शासन को प्रेषित वित्त सम्बन्धी पत्रावली संलग्न करें | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | (कृपया वित्तीय वर्ष का उल्लेख करें) | | |
| 19 | कैशबुक | | |
| 20 | रा.से.यो. से सम्बन्धित विश्वविद्यालय/मंडल के सभी बचत बैंक खातों (जैसे– सामान्य कार्यक्रम खाता, विशेष शिविर कार्यक्रम खाता, पंजीकरण शुल्क खाता, NSS मैगज़ीन अकाउंट आदि) के बैंक स्टेटमेंट | वर्ष 2018 से 2025 तक | |
| 21 | विश्वविद्यालय/महाविद्यालयों/विद्यालयों की CNA/ZBSA की सूची | | |
| 22 | विश्वविद्यालय/महाविद्यालयों/विद्यालयों के बचत खातों की सूची | | |
| 23 | महाविद्यालयों/विद्यालयों से प्राप्त CNA/ZBSA तथा बचत खातों के बैंक स्टेटमेंट की छायाप्रति | खाता खोलने की तिथि से अगस्त 2025 तक | |
| 24 | महाविद्यालयों/विद्यालयों से प्राप्त बचत खातों के बैंक स्टेटमेंट की छायाप्रति | खाता खोलने की तिथि से अगस्त 2025 तक | |
| 25 | वर्ष 2018 से शासन को प्रेषित पंजीकरण शुल्क का विवरण (छात्र संख्या अंकित करते हुए) | वर्ष 2018 से 2025 तक | |
| 26 | कार्यक्रम समन्वयक/उप शिक्षा निदेशक द्वारा विश्वविद्यालय/ महाविद्यालयों/विद्यालयों को आवंटित छात्र संख्या की प्रति। | वित्तीय वर्ष 2018-19 से 2024-25 तक | |
| 27 | कार्यक्रम अधिकारी का डेटा | 2022-23, 2023-24, 2024-25 | |
| 28 | स्वयंसेवकों का डेटा | 2022-23, 2023-24, 2024-25 | |
| 29 | स्वयंसेवकों के ऑनलाइन निर्गत बैकलॉग प्रमाणपत्र की संख्या | 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 | |
| 30 | किसी वर्ष (2022-23, 2023-24 एवं 2024-25) में बैकलॉग प्रमाणपत्र लंबित हैं, तो उनकी इकाईवार संख्या | 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 | |

कार्यक्रम समन्वयक
(हस्ताक्षर एवं दिनांक)

विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी
(हस्ताक्षर एवं दिनांक)